दीदार निराला है तेरा,
श्रृंगार निराला है तेरा,
प्यारा तू प्यारा श्याम मुझे,
प्यारा तू प्यारा श्याम मुझे,
प्यारा तू प्यारा श्याम मुझे,
अंदाज निराला है तेरा,
दीदार निराला हैं तेरा,
श्रृंगार निराला है तेरा।।

सेठों का सेठ कहावे तू,
संकट में दौड़ा आवे तू,
भरता है झोलियाँ मुँह मांगी,
भरता है झोलियाँ मुँह मांगी,
भरता है झोलियाँ मुँह मांगी,
व्यापार निराला है तेरा,
दीदार निराला हैं तेरा,
श्रृंगार निराला है तेरा।।

जादू है या के करिश्मा है,
दीवाने है हम तू रहनुमा है,
जिसको देखो वो झूम रहा,
जिसको देखो वो झूम रहा,
जिसको देखो वो झूम रहा,
संसार निराला है तेरा,
दीदार निराला हैं तेरा,

श्रृंगार निराला है तेरा।।

बड़ी मौज है तेरी भक्ति में,
हूँ मस्त मैं तेरी मस्ती में,
लहरी लुटे तू बाँट रहा,
लहरी लुटे तू बाँट रहा,
लहरी लुटे तू बाँट रहा,
भंडार निराला है तेरा,
दीदार निराला हैं तेरा,
श्रृंगार निराला है तेरा।।

दीदार निराला है तेरा,
श्रृंगार निराला है तेरा,
प्यारा तू प्यारा श्याम मुझे,
प्यारा तू प्यारा श्याम मुझे,
प्यारा तू प्यारा श्याम मुझे,
अंदाज निराला है तेरा,
दीदार निराला हैं तेरा,
श्रृंगार निराला है तेरा।।

Singer Uma Lahari

Source: https://www.bharattemples.com/deedar-nirala-hai-tera-sringar-nirala-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw